बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल,
शिवाजीनगर, पुणे - 5

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा तमिलनाडु राज्य में रणनीतिक बैठकों का आयोजन राज्य के औद्योगिक विकास का एक अभिन्न स्तंभ होने के लिए प्रतिबद्ध

चेन्नै, 7 अप्रैल, 2023: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक तमिलनाडु राज्य में अपनी शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से अपनी सेवाओं के संवर्धन के लिए राज्य के विभिन्न प्रमुख विभागों और हितधारकों के साथ रणनीतिक बैठकें आयोजित कर रहा है। श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने राज्य के नीति निर्माताओं के साथ विभिन्न प्रमुख विभागों, कॉनफ़ेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स और उद्यमियों तथा एमएसएमई, हेल्थकेयर, खाद्य प्रसंस्करण, विनिर्माण, केमिकल इंडस्ट्री आदि विभिन्न प्रमुख व्यावसायिक घरानों के प्रतिनिधियों के साथ रणनीतिक बैठकों का नेतृत्व किया। श्री नागेंद्र गौड़, उप महाप्रबंधक और अंचल प्रबंधक, चेन्नै अंचल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ बैंक की टीम भी बैठक में उपस्थित रही।

श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बैंक द्वारा आयोजित की जा रही रणनीतिक बैठकों के संबंध में कहा कि "बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्तीय वर्ष-23 के दौरान 30% की अग्रिम वृद्धि के साथ रु.4 ट्रिलियन व्यवसाय का माइलस्टोन पार कर लिया है, जो कि बैंक की यात्रा में उल्लेखनीय है। इस ऐतिहासिक कीर्तिमान को देश भर में बैंक के फुटप्रिंट्स के विस्तार और डिजिटाइज़ेशन उपायों के माध्यम से संचालित बदलाव द्वारा पूरी तरह से बढ़ावा दिया गया है। वित्तीय वर्ष-23 में कुल कारोबार में 21% से अधिक की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष-23 में बैंक का शाखा नेटवर्क 2200 को पार कर गया है।

बैंक की भविष्य की योजना के बारे में श्री ए. बी. विजयकुमार ने कहा कि "हमने समग्र विकास के लिए देश के सभी 757 जिलों में कम से कम एक शाखा की मौजूदगी पर विचार किया है। बैंक देश भर में सक्रिय रूप से आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है ताकि हमारे ग्राहकों को बॉटम-आउट प्राइसिंग के साथ आवश्यकता के अनुरूप विशेष रूप से तैयार हमारे उत्पादों का लाभ मिल सके।

"बैंक द्वारा सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और फ्लैगशिप योजनाओं को पिरामिड के निचले हिस्से के लोगों तक और दूरदराज तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। एमएसएमई को सशक्त करने के लिए बैंक द्वारा उससे संबंधित कई उत्पादों की शुरूआत की गई है। टीआरईडीएस प्लेटफॉर्म के साथ हमारी सह-उधारी और डिजिटल उधारी के उपाय हमारे एमएसएमई को मजबूत कर रहे हैं और उन्हें बाधारहित बैंकिंग अनुभव प्रदान कर रहे हैं।"

श्री विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने तमिलनाडु राज्य में संभावनाओं पर कहा कि, "तमिलनाडु भारत की जीडीपी के प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक होने के कारण हमारी व्यापार

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल,
शिवाजीनगर, पुणे - 5

विस्तार योजना में अग्रणी रहा है और हम राज्य के लोगों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते हुए यहां व्यापार के अवसरों से लाभान्वित होंगे। बैंक ऑफ महाराष्ट्र की तमिलनाडु राज्य में कुल 67 शाखाएं हैं, जिनका कारोबार रु.10,600 करोड़ से अधिक है और बैंक जून 2023 तक राज्य भर में शाखा नेटवर्क को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त लगभग 7 नई शाखाएं खोलने की योजना पर कार्य कर रहा है। हम राज्य के नीति निर्माताओं के आभारी हैं जो हमारे साथ सक्रिय रूप से जुड़ने और हमें राज्य के प्रमुख क्षेत्रों में लोगों की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए तैयार हैं,यथा अवसंरचना विकास, आवास और शहरी विकास, एमएसएमई के लिए टीआरईडीएस प्लैटफार्म का संवर्धन, राज्य सरकार के साथ भागीदारी करने वाले लघु उद्योगों तक पहुंच, राज्य में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के साथ जुड़ना।

भविष्य में तमिलनाडु राज्य में स्टार्ट-अप शाखा की शुरुआत और आगामी नेटवर्क के विस्तार के साथ, बैंक राज्य के विकास में एक अभिन्न हिस्सा बनने के लिए प्रमुख अवसरों को प्राप्त हेतु तत्पर है। बैंक ने हाल ही में पुणे में अपनी पहली स्टार्ट-अप शाखा शुरू कर अपनी यात्रा में उल्लेखनीय कार्य किया है और भविष्य में चेन्नै, मुंबई और नई दिल्ली में विशेषीकृत स्टार्ट-अप शाखाएं खोलने की योजना पर कार्य कर रहा है, जहां हम स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में मजबूती से योगदान देंगे।"

फोटो कैप्शन –
श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र को कॉनफ़ेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए श्री आर. वी. चारी, संयोजक, सीआईआई चेन्नै जोन एमएसएमई पैनल